स्टेशन मंडल भाजपा ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर जिले के स्टेशन मंडल के द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, रंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर, नेहरूनगर के परिसर में मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा चाचा के नेतृत्व में, अरविन्द सिसोदिया के मुख्य अतिथ्य और कार्यक्रम संयोजक आशीष दिवाकर के धन्यवाद ज्ञापन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता भाजपा मीडिया विभाग के कोटा संभाग संयोजक अरविन्द सिसोदिया नें अपने संबोधन में कहा कि जम्मू और कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय के लिए संघर्ष करते हुये, कश्मीर में बलिदान हुए जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्ष और लक्ष्य को भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार नें जम्मू और कश्मीर से धारा 370 हटा कर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी नें जम्मू और कश्मीर सहित आधा पंजाब और आधा बंगाल भारत के लिए बचानें का महती कार्य किया था, जिसके लिए वे भारत के इतिहास में अमर रहेंगे। सिसोदिया नें कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, संविधान सभा के सदस्य और प्रथम भारत सरकार में केबिनेट मंत्री रहे, मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम अपनी अगली पीढ़ियों को राष्ट्र सर्वोपरी, राष्ट्र प्रथम के भाव को समझायें सिखाएं। मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा चाचा नें कहा कि भाजपा, जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी के बताये मार्ग पर चलते हुये ही केंद्र में सरकार बनाने के लक्ष्य तक पहुंची और पूर्ण बहूमत की सरकार आते ही जम्मू और कश्मीर का पूर्ण विलय भारत में करके अमर बलिदानी मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भाजपा मुखर्जी के सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश सरसिया नें मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुखर्जी अत्यंत बुद्धिमान, अति सम्पन्न और पढ़े लिखें व्यक्ती थे, वे चाहते तो सुखी जीवन जी सकते थे, किन्तु उन्होंने राष्ट्रहित का चिंतन किया, देश की अखंडता के लिए संघर्ष करते हुए जीवन समर्पित कर दिया, भारतमाता के मुकुट कश्मीर को बचानें के लिए अपने आपकी आहुति देदी और कश्मीर को बचा गये। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा सत्तू, पूर्व पार्षद विकास चौधरी लाला, मंडल महामंत्री अमित गौतम, मंडल उपाध्यक्ष निखिल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषि आटवाल, नरेन्द्र सिंह जादौन, कार्यक्रम संयोजक संयोजक आशीष दिवाकर, विवेकानंद शुक्ला, सोनू सेन, लोकेन्द्र कटारा, मधुप वर्मा, मंगल गुजर, हरेंद्र चौधरी, आरिफ मंसूरी, विपिन कश्यप, कुलदीप खोड़ा, मनीष वालिया आदि प्रमुखरूप से उपस्थित रहे।

कोटा में श्यामप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई।

क्वेरी का रेस्पॉन्स 26 जून तक ना देने पर सीट कैन्सिल

कोटा, (निसं)। देश के आईआईटी एनआईटी, ट्रिपलआईटी समेत 121 संस्थानों की 59 हजार 917 सीटों के लिए जोसा द्वारा ज्वाइंट काउंसलिंग चल रही है। स्टूडेंट्स जिनको जोसा काउंसलिंग के पहले राउंड में सीट का आवंटन हुआ है उन्हें आज 24 जून को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी नहीं तो स्टूडेंट्स की आवंटित सीट केन्सिल हो जाएगी।

सीट वेरिफिकेशन कन्फर्मेशन ना मिलने पर स्टूडेंट्स करे इन्तजार-एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया की विद्यार्थियों को जोसा काउन्सलिंग में ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान अपनी आवंटित सीट के लिए तीनो स्टेप पुरे करने के बाद उन्हें जोसा द्वारा डोक्युमेंट्स वेरिफाई कर सीट कन्फर्मेशन लेना अनिवार्य है। बहुत से स्टूडेंट्स ऐसे है जिन्होंने ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर सम्पूर्ण प्रक्रिया 48 घंटे पूर्व पूर्ण कर ली परन्तु अभी तक उनके सारे डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हुए है और ना ही उनकी आवंटित सीट का कन्फर्मेशन आया है ऐसे में ये स्टूडेंट्स परेशानी में है।

सार-समाचार

कार्यक्रम के माध्यम से दिया संदेश

कोटा, (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से रविवार को नव-मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए नुक्कड़ नाटक व कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि जो युवक- युवतियां जुलाई माह में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। संस्थान की ओर से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए कहा गया। संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ.जी.आर.गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि निर्वाचन विभाग की ओर से साल में चार बार, जिसमें जनवरी, अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर माह में मतदाता सूची में नाम स्थानीय बीएलओ एवं वीएचए एप के माध्यम से जुड़वाया जा सकता हैं। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कृष्णा, मोनिका, तनमय, तुषार, सुमित व वर्ष में मुख्य भूमिका निभाई। कठपुतली कार्यक्रम उर्वशी एवं सुरेश सैनी ने प्रस्तुत किया।

'अंगदान करना सबसे बड़ा दान है'

कोटा, (निसं)। जनजागृति मंच कोटा की ओर से रविवार को स्वास्थ्य एवं देहदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के महासचिव सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा जायसवाल ने स्वास्थ्य से जुड़ी बारीकियों को समझाया। उन्होंने मरणोपरांत देहदान के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. जायसवाल ने बताया कि समाज में देहदान व अंगदान को लेकर कई भ्रांतियां हैं। जागरूकता का भी अभाव है। यही वजह है कि लोग अपने परिवार के किसी भी सदस्य की मौत होने पर देहदान व अंगदान करने से बचते हैं। जबकि अंगदान और देहदान से दूसरे को जीवन दिया जा सकता है। शरीर का अंगदान करना जीवन का सबसे बड़ा दान है। इसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए, ताकि दूसरे का जीवन बच सके। संस्था अध्यक्ष डॉ. जगदीश शर्मा ने आभार प्रकट किया। सांस्कृतिक सचिव मौसमी अधिकारी ने संचालन किया। राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

परिंडो का वितरण किया

ब्यावर, (निसं)। श्रीमद भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्य श्रृंखला में भीषण गर्मी में बेज़ुबान व निरीह पक्षियों के दाना - पानी की व्यवस्था हेतु भारत माता सर्किल पर कैंप लगा गया। प्रभात फेरी सदस्यों व आने जाने वाले राहगीरों को परिंडो का वितरण किया गया और उनसे ये सुनिश्चित भी किया गया की इनमें रोज़ाना दाना पानी की व्यवस्था की जायेगी। । परिवार द्वारा लगाये गये कैंप में बड़ी संख्या में शहर वासियों ने परिण्डे प्राप्त किए ।कैंप में भागवत परिवार के सदस्यों ने अपनी सेवाएँ दी, कैंप के पश्चात परिवार के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 21 परिण्डे भी लगाये गये ।

आमसभा 7 जुलाई को

अजमेर, (कासं)। अजमेर शास्त्री नगर विस्तार विकास समिति कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 7 जुलाई को समिति की साधारण सभा का आयोजन पार्क नंबर 3, भक्त प्रह्लाद उद्यान में किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि आम सभा सुरेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में होगी, सभा में सभी समिति के सदस्यों की उपस्थिति वांछनीय है। समिति सचिव बीएल बामनिया ने बताया कि मीटिंग में विभिन्न मुद्दों को रखा जाएगा। समिति द्वारा छपवाई गई स्मारिका का वितरण 24 जून से से किया जाएगा।

छातों का वितरण किया

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा हाड़ौती द्वारा भीषण गर्मी और बारिश से बचाव के लिए छातो का वितरण किया गया प्रोजेक्ट चेयरमैन मंजु लुंकड़ ने बताया यह छाते मोची, ठेले वाले सब्जी वाले को तथा रेहड़ी वाले प्रेस करने वाले उन सभी को बांटे गए क्लब अध्यक्ष पूनम दास मोहता ने बताया कि शहर के विभिन्न एरिया में जहां-जहां छातों की जरूरत थी गुमानपुरा दादाबाड़ी वल्लभनगर अनंतपुरा रामपुरा सभी जगह छातों का वितरण किया गया इस अवसर पर आदर लुंकड़ मंजू मोहता रंजना कचोलिया अर्चना जैन प्रविता सोनी ने अपना सहयोग किया।

अक्ष त्रिपाठी वियतनाम में सम्मानित

अजमेर, (कासं)। एक्सिस बैंक राजस्थान के सर्किल हेड अक्ष त्रिपाठी को वियतनाम में सम्मानित किया गया। अक्ष त्रिपाठी को यह सम्मान एक्सिस बैंक के पेंशन कंपनी के सीईओ द्वारा पेंशन फंड के योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने पर दिया गया है। इसके पूर्व में भी अक्ष त्रिपाठी को कई बार सम्मानित किया जा चुका है। मालूम हो कि अक्ष त्रिपाठी अजमेर के पूर्व जनसंपर्क निदेशक प्यारे मोहन त्रिपाठी के पुत्र हैं।

विभागीय समन्वय बैठक सोमवार को

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट समिति कक्ष में साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने दी।

राशि हस्तान्तरण कार्यक्रम स्थगित

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि के हस्तान्तरण का सोमवार को 11 बजे जवाहर रंगमंच में आयोजित होने वाला कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

बूंदी को मिली सरस पार्लर की सौगात

- एक छत के नीचे मिलेंगे सरस व शुद्ध उत्पाद

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ द्वारा बूंदी जिले में नया सरस पार्लर प्रारंभ किया गया है। सरस के उत्पाद व स्वाद का बूंदी जिलें में विस्तार होगा। सरस डेयरी कोटा के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि बूंदी में बहुत दिनों से पार्लर की मांग थी जिसें मंजूर करते हुए रविवार को इसका उद्घाटन किया गया। पार्लर के उद्घाटन में मुख्य अथिति के रूप में ज़िला अध्यक्ष भाजपा सुरेश अग्रवाल रहे। अध्यक्षता कोटा बूंदी ज़िला दुग्ध संघ अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि कोटा बूंदी ज़िला डेयरी प्रबंध संचालक दिलखुश मीना और भारत शर्मा और लोकेंद्र सिंह हाड़ा, भाजपा जिला महामंत्री मोहन किराड, बूंदी सरस के कर्मचारी, आरपी, धन्नालाल प्रजापति महावीर सिंह हाड़ा रहे।

गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक सरस उत्पाद-राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि बूंदी में सरस पार्लर के प्रारंभ होने के साथ गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक सरस के उत्पादों की पहुंच संभव होगी। सरस के उत्पाद ग्रामीणों तक पहुंच सके इसलिए बूंदी जिलें मे पार्लर प्रारंभ किया गया। सरस के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद हर ग्रामीण तक पहुंचे इसके लिए सरस डेयरी प्रयासरत है। सहकारी दरों पर शुद्ध व उत्तम क्वालिटी के सरस उत्पाद गांव-गांव व ढांणी-ढांणी तक मिलेंगे साथ ही हर पार्लर पर पशुआहार भी किसानों दिया जाएगा।एक छत के नीचे विभिन्न उत्पाद-एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि पार्लर में विभिन्न तरह के दुग्ध खाध्य उत्पाद एक ही छत के नीचे मिलेंगे। यहां जनता को घी, दूध के साथ छाछ, लस्सी, श्री खण्ड, दही ,पनीर, फ़्लेवर्ड मिल्क, दही हांडी, नमकीन छाछ, आइसक्रीम रसगुल्ला, केसर पेड़ा भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

'समाज के लिए स्वस्थ स्पर्धा आवश्यक'

- कोटा सीए ब्रांच की ओर से वूमेन चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग-2024 आयोजित, एकेवी वारियर्स टीम बनी विजेता

कोटा, (निसं)। कोटा सीए ब्रांच की ओर से मनाये जा रहे जलसा कार्यक्रम के तहत अनंतपुरा स्थित खेल मैदान में महिला सीए सदस्यों के लिए वूमेन चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी, कोटा, महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ, नियति शर्मा थी।

कोटा सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में एकेवी वारियर्स, स्पार्क नाइट्स व डीसीजे जायंटस टीमों के बीच 6-6 ओवर के लीग मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबला एकेवी वॉरियर्स व स्पार्क नाईट्स टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला होने से सुपर ओवर मुकाबला हुआ, जिसमें एकेवी वारियर्स वूमेन चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग 2024 की विजेता बनी जबकि स्पार्क नाइट्स उप विजेता रही। प्रतियोगिता में वीमेन ऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार का स्नेहा झंवर को दिया गया, जबकि मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीए प्रिया हरिरामानी को दिया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी नियति शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रोफेशनल महिलाएं जो अपने कामों के कारण खेल से दूर हैं, उनके लिए यह आयोजन जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए स्वस्थ स्पर्धा आवश्यक है। उन्होंने कोटा सीए ब्रांच के पदाधिकारियों से पुनः इसी प्रकार के आयोजन करने की बात कही। इससे पूर्व प्रोग्राम डायरेक्टर सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग व सीए सौरभ जैन ने विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी नियति शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

कोटा सीए ब्रांच की ओर से वूमेन चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग आयोजित की गई है।

शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

- अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा देशभर में रविवार को 181 स्थानों पर हुआ रक्तदान

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा देश भर की 181 शाखाओं में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कोटा में भी तलवंडी स्थित अपना ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

समाज के युवा इंडियन आर्मी ऑफिसर व कैप्टन शुभम गुप्ता की शहादत को इस दौरान याद किया गया और उन्हें पुष्प अर्पित किए गए। शुभम कश्मीर में अपनी जान की परवाह किए बगैर दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे, इसी को ध्यान में रखते हुए देशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 31 यूनिट्स रक्त का संग्रह किया गया। कोटा शाखा अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता व मंत्री केपी गुप्ता ने कहा कि समाज का बेटा जहां देश के लिए शहीद हुआ वहीं उसने समाज को भी गौरांवित किया, उस बेटे की शहादत हमेशा याद की जाती रहेगी। केंद्रीय कार्य समिति वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही देश सेवा के लिए अग्रणी रहा है और शुभम की याद में रक्तदान शिविर कोटा में लगाया गया जो अनुकरणीय है। अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, मंत्री केपी गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता ने रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने कहा कि रक्क्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान वीरेंद्र गुप्ता, डॉ. रंजना गुप्ता, शिविर प्रभारी पूरण गुप्ता, सह-प्रभारी अनिल गुप्ता विकास गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में तीन बेटियों ने पहली बार रक्तदान किया जिसमें रितु, प्रियंका एवं खुशी गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रक्तदान करने वालों में विकास, पूनम, अनिरुद्ध, दिनेश, अजय, ऋतु आदि ने रक्तदान किया।

ऊर्जा मंत्री दिवंगत छात्राओं के परिजनों से मिले

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को सीमलिया में दुर्घटना में दिवंगत हुई छात्राओं के परिजनों से मिले। उन्होंने एनएच 27 पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से दिवंगत हुई छात्राओं के परिजनों को ढांढस बंधाया।

मंत्री नागर दिवंगत ज्योति प्रजापत और वर्षा नागर के शोक संतप्त परिवार के शोक में शामिल हुए। उन्होंने दोनों ही परिवारों को दुख की घड़ी में हिम्मत बनाए रखने की बात कही। उल्लेखनीय है कि सिमलिया थाना क्षेत्र के हनोतिया गांव के पास घटित हुई दुर्घटना में दोनों छात्राओं की मृत्यु हो गई थी। दोनों गढ़ेपान की सीएफसीएल फेक्ट्री में सिलाई मशीन का कार्य सीखने जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी।

लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर की काउंसलिंग कराई

- डीआरएम ने 50 से अधिक रनिंग कर्मचारियों का काउंसलिंग किया गया

कोटा,(निसं)। मंडल में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन के कई सकारात्मक कदम उठाए जा रहे है। पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल में मिशन रफ्तार 160 किलोमीटर/घंटा की परियोजना को पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

रेल संचालन में लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर की अहम भूमिका होती है। जिसके मद्देनजर डीआरएम मनीष तिवारी द्वारा नियमित अंतराल पर मंडल के सभी खण्डों का संरक्षा निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में डीआरएम ने कोटा स्टेशन स्थित लॉबी में सभी लोको पायलट एवं गार्ड से सुरक्षित ट्रेन संचालन से जुड़े सभी पहलुओं पर संवाद किया। उक्त काउंसलिंग के दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन एवं वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर मोहन सिंह मीना, लोको निरीक्षक, ट्रैफिक निरीक्षक एवं संरक्षा सलाहकार मौजूद रहे। इस काउंसलिंग का उद्देश्य रनिंग कर्मचारियों में सजगता, संरक्षा के साथ कार्य करने के प्रति जागरूकता एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करना है। काउंसलिंग के दौरान रनिंग स्टॉफ से बेहतर संरक्षित रेल संचालन के लिए सुझाव लिए गए। इसमें 50 से अधिक रनिंग कर्मचारियों का काउंसलिंग किया गया।

चंबल रिवर फ्रंट में मनाया गया पानी हटी चिड़ा दही महोत्सव

कोटा में हरे कृष्ण मंदिर द्वारा चंबल रिवर फ्रंट में पानिहाटी चिड़ा दही महोत्सव मनाया गया है।

- पानिहाटी चिड़ा दही महोत्सव दंड उत्सव के नाम से भी जाना जाता है।

कोटा, (निसं)। मुकुंदरा विहार स्थित हरे कृष्ण मंदिर द्वारा चंबल रिवर फ्रंट में पानिहाटी चिड़ा दही महोत्सव मनाया गया। पानिहाटी चिड़ा दही महोत्सव दंड उत्सव के नाम से भी जाना जाता है।

मंदिर के उपाध्यक्ष राधाप्रिय दासजी ने बताया पानीहाटी पश्चिम बंगाल राज्य में गंगा नदी (कोलकाता से 10 मील उत्तर) के तट पर स्थित एक गांव का नाम है। हरे कृष्ण मंदिर में भगवान श्री श्री गौर निताई का बहुत ही मनमोहक आम्र वन विहारी अलंकार किया गया द्य शाम 5.30 बजे भगवान लक्ज़री गाड़ियों के काफिले में चम्बल रिवर फ्रंट पहुंचे। रिवर फ्रंट पहुंचकर भगवान श्री श्री गौर निताई पालकी में विराजमान होकर चंबल माता घाट के पास स्थित गणेश पोल घाट पर पहुंचें, जहां भगवान का पंचामृत, पंचगव्य और फूलों से बहुत भव्य अभिषेक किया गया। साथ ही साथ अनेको पवित्र नदियाँ गंगा, यमुना, अलकनंदा इत्यादि के पवित्र जल द्वारा भी श्री भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात भगवान ने नौका विहार किया। भगवान के साथ-साथ अन्य भक्तों ने भी नौका विहार का आनंद प्राप्त किया। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के भक्तों द्वारा बहुत ही मनमोहक एवं आनंदमयी संकीर्तन किया गया। नौका विहार के पश्चात सभी भक्तों ने हरि बोल बोलते हुए महाप्रसादम् ग्रहण किया। समारोह के अंत में सभी भक्तों को विशेष प्रसाद चिड़ा दही का वितरण किया गया।

बरसात में पौधे लगाकर कोटा का हरित श्रृंगार करें : राजेश बिरला

कोटा, (निसं)। कोटा यूथ फॉर चैरिटी की और से कोटा में हरित कोटा अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत बरसात के मौसम में जगह-जगह पौधा रोपण किया जाएगा साथ ही लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि अधिक से अधिक पौधे लगाए जा सकें।

संस्था के संस्थापक दीपक राजानी एवं कमल खत्री ने बताया कि रविवार को दशहरा मैदान परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश बिरला, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला रहे। उन्होंने इस दौरान कहा कि हमे कोटा को हरा-भरा करना है तो बरसात में बड़ी मात्रा में पौधारोपण करना होगा। कोटा का हरित श्रृंगार होगा तभी इस भीषण गर्मी से राहत पाई जा सकती है। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है कि हम हमारे आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए और अधिक सक्षम हैं तो शहर में पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन में मदद करें। एक पौधा लगाना कई गुना पुण्यदायी है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि भाजपा के विभिन्न संगठन बरसात में बड़े'' स्तर पर पौधा रोपण करेंगे साथ ही उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी लेंगे। दीपक राजानी ने कहा कि हमारा प्रयास करेगा की इस बरसात में कम से कम 1100 पौधे संस्था की और से लगाए जाएंगे साथ ही आमजन को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इन 1100 पौधों की देखरेख का पूरा जिम्मा संस्था सदस्य लेंगे। इस अवसर पर कुलविंदर सिंह धंजल, कोटा युथ फॉर चैरिटी के कमल खत्री, तरुण चेनानी, कुलविंदर सिंह, अमोल, यश, योगेश रोहिरा, नितिन दायनी, सतीश ढींगरा, कपिल सेवानी, कमल सेवानी, गिरीश वनवाणी, अभिषेक दयानी, कोटा यूथ फॉर चैरिटी के उपस्थित सभी सम्मानित में बस, जिन्होंने अपना कीमती समय इस पुनीत कार्य के लिए निकला एवं इस कार्य का हिस्सा बने। कार्यक्रम के संयोजक कुलविंदर सिंह धंजल ने कहा कि टीम इस कार्य को पूरे गंभीरता से करेगी।

कोटा में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में राजेश बिरला मौजूद रहे।

कौशल का उपयोग कर ही जीवन को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है : सतीश गुप्ता

- डीआरएम ने 50 से अधिक रनिंग कर्मचारियों का काउंसलिंग किया गया

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण की ओर से आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री के विशेष अधिकारी सतीश गुप्ता थे। वहीं शिक्षा अधिकारी रामचरण मीणा, एडीपीसी रूपेश हाडा, स्थानीय संघ के सचिव प्रकाश जायसवाल, जिला कमिश्नर ममता चौधरी, नयागांव विद्यालय की प्रिंसिपल ज्योति शर्मा भी मंच पर मौजूद रहे।

सतीश गुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास का प्रशिक्षण जीवन में कौशल्य बढ़ाने के लिए है। यह प्रशिक्षण जीवन भर काम आता है। यह आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति प्रशिक्षित होकर जीवन में प्रवेश करता है तो अपनी श्रेष्ठता भी साबित करता है। यह प्रशिक्षण जीवन भर हमारा मार्गदर्शन करता रहता है। कौशल्य का उपयोग कर जीवन को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। रूपेश हाड़ा ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत के हर नागरिक को स्वावलंबी और रोजगारपरक होना होगा। स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण इसमें हमारी मदद कर सकता है। रामचरण मीणा ने कहा कि स्काउट अनुशासन सिखाता है। जीवन में कौशल्य बहुत जरूरी है। स्थानीय संघ के सचिव तथा प्रशिक्षण प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने बताया कि समापन समारोह पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नयागांव शिविर में नशामुक्ति प्रतियोगिता में अनु गौतम, पर्यावरण दिवस प्रतियोगिता में मीनाक्षी, मेहंदी प्रतियोगिता में कलावती, सिलाई प्रतियोगिता में दीपिका, साड़ी रैपिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा और आरती सोनी तथा हेयर स्टाइल प्रतियोगिता में रीना महावर प्रथम रही। इसके अलावा आवासन मंडल केशवपुरा के शिविर के दौरान मेहंदी में पलक ने, नृत्य में महक, सिलाई प्रतियोगिता में नेहा राजोरिया और दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में नंदिनी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रवीण शर्मा, मीनाक्षी महावर, नंदिनी प्रजापति, मानसी, राजेंद्र, मुकेश जांगिड़, सपना, आकाश, गोवर्धन गुर्जर, पप्पू लाल वर्मा, सौरभ मीना, अनंत गंगवाल, उमा मीना, नीता शर्मा, उदय सिंह गुर्जर का भी सम्मान किया गया।